# सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क को सीमा पार आतंकवाद की चुनौतियों से अवगत कराया

**भाषा**। कोपेनहेगन

**सर्वदलीय भारतीय** प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को डेनमार्क के नेताओं को सीमा पार आतंकवाद के कारण भारत के समक्ष चुनौतियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक मामलों में डेनमार्क की अहम आवाज को इस वैश्विक खतरे के खिलाफ लड़ाई में एक शक्तिशाली हथियार के रूप में रेखांकित किया। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत के राजनयिक संपर्क के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डेनमार्क की राजधानी में है। पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी।भारतीय दूतावास के मुताबिक, रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क के चयनित पूर्व सांसदों, पूर्व मंत्रियों और एक पूर्व राजनयिक से मुलाकात की। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद से भारत के लिए उत्पन्न चुनौतियों, ऑपरेशन सिंदूर और शांति एवं सुरक्षा को खतरे में डालने वाले वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वैश्विक मामलों में डेनमार्क की महत्वपूर्ण आवाज (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक अस्थाई सदस्य और यूरोपीय संघ के आगामी अध्यक्ष के रूप में) को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक शक्तिशाली औजार के रूप में रेखांकित किया गया। प्रसाद ने एक्स पर पोस्ट किया, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के अपने सहयोगियों के साथ, मैंने डेनिश संसद के उपाध्यक्ष श्री लार्स-क्रिश्चियन ब्रास्क से मुलाकात की और उन्हें पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान हमने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख और इस खतरे से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुट प्रयास पर जोर दिया।



## इथोपिया के उप प्रधानमंत्री ने भारत के साथ मिलकर आतक्ंवाद का मुकाबला करने की प्रतिबद्धता जताई

अदीस अबाबा। इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की। इस दौरान फराह ने आतंकवाद से निपटने में भारत के साथ मिलकर काम करने की अपने देश की दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत के राजनयिक संपर्क कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अदीस अबाबा पहुंचा था। इथोपिया में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, इथोपिया में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रॉस्पेरिटी पार्टी के उपाध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ काम करने के लिए इथोपिया की ओर से दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। दूतावास ने एक और पोस्ट में कहा आज सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने अफ्रीकी संघ के साथ उपयोगी चर्चा की तथा सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा की।